हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 अप्रैल 2024

12 पॉयनियर स्कूल में हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ


12 भिरडाना में हवन से सत्र का शुभारंभ


## खबर संक्षेप

### स्वीप गतिविधियों संबंधी वर्कशॉप 3 अप्रैल को

**फतेहाबाद।** चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में 3 अप्रैल को लोकसभा आम चुनाव संबंधी स्वीप गतिविधियां आयोजित करवाने के लिए सभी महाविद्यालयों के एनसीसी व एनएसएस इंचार्ज तथा कैंपस अंबेसडर की एक वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा।

### चार साल की बेटी के साथ महिला लापता

**फतेहाबाद।** आजाद नगर फतेहाबाद से एक महिला के अपनी बेटी के साथ लापता होने का समाचार है। इस बारे महिला के पति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। शहर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में आजाद नगर निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि गत दिवस शाम को उसकी 30 वर्षीय पत्नी चार साल के बेटी के साथ बिना बताए घर से चली गई।

### एचडीएफसी बैंक में करवाया श्री सुखमणि साहिब का पाठ

**रतिया।** नव वित्तीय वर्ष की शुरुआत मौके एवं सुख समृद्धि हेतू शहर के एचडीएफसी बैंक में श्री सुखमणी साहिब जी का पाठ करवाया गया और इस मौके सरबत के भले की अरदास ग्रंथी कुलविंद्र सिंह ने की। इस मौके पर जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक यश नारंग ने बताया कि आज से वित्तीय वर्ष 2024-25 की शुरुआत हो रही है व सुख समृद्धि हेतू बैंक में श्री सुखमणी साहिब जी का पाठ करवाया।

### दो किसानों के ट्यूबवैल से केबल चोरी

**सिरसा।** रानियां के वार्ड नंबर 11 निवासी दो किसानों के खेतों से चोर हजारों रुपए की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में स्वर्ण सिंह ने बताया कि 30 मार्च की शाम को वे खेतों से घर आ गए। देर रात को चोर खेतों में घुसकर उसके चार ट्यूबवैलों व पड़ोस के सतवंत सिंह के खेत से भी ट्यूबवैल की करीब 200 मीटर केबल चोरी कर ले गए।

### सामूहिक शादियां 13 अप्रेल को

**सिरसा।** अग्रवाल पार्क ट्रस्ट द्वारा संचालित कन्यादान महादान के परियोजना के तहत बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के प्रधान श्री पुरुषोत्तम गोयल ने की। इस सिलसिले में परियोजना संयोजक रामकृष्ण गोयल ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से आगामी 13 अप्रेल को बैसाखी पर सामूहिक शादियों का कार्यक्त्रम आयोजित किया जाएगा।

### 15 बोतल अवैध शराब सहित काबू

**डबवाली।** सिघंपुरा चौकी पुलिस ने एक व्यक्ति को 15 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। सिघंपुरा चौकी प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि वह क्षेत्र में पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव पक्का शहीदां में मौजूद थे। सूचना के आधार पर व्यक्ति से 15 बोतल अवैध शराब बरामद हुई।

## चनकोठी में भाजपा विधायक लक्ष्मण नापा का भी किसानों ने विरोध किया था

# भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर का किसानों ने किया विरोध, जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था

लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही किसानों द्वारा अब भाजपा नेताओं का लगातार विरोध किया जा रहा है। रविवार को रतिया क्षेत्र के गांव चनकोठी में भाजपा विधायक लक्ष्मण नापा का किसानों द्वारा विरोध किया गया तो वहीं आज फतेहाबाद के गांव करनौली पहुंचे सिरसा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी डॉक्टर अशोक तंवर को भी किसानों का विरोध झेलना पड़ा। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था। इसके अलावा अहलीसदर में भी ग्रामीणों द्वारा भाजपा प्रत्याशी के विरोध का समाचार है। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति से जुड़े किसानों ने कार्यक्रम स्थल के बाहर पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने किसानों को समझा बुझाकर साइड में किया जिसके बाद डॉ. अशोक तंवर अपनी गाड़ी में बैठकर मौके से निकल गए। बता दें कि 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली को लेकर डॉ. अशोक तंवर भाजपा नेताओं के साथ गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को रैली का निमंत्रण दे रहे है। इसी कड़ी में आज अशोक तंवर गांव करनौली व अहलीसदर में पहुंचे थे। जैसे ही किसानों को तंवर के गांव में आने की सूचना मिली तो वे कार्यक्रम स्थल के बाहर इकट्ठा होने शुरू हो गए। जैसे ही अशोक तंवर अपनी जनसभा खत्म करके जाने लगे तो उन्हें देखते ही पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के सदस्य किसानों ने नारेबाजी शुरू कर दी।



**फतेहाबाद।** गांव करनौली में भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर की गाड़ी को घेरकर नारेबाजी करते किसान।

## सड़कों पर गाढ़ी गई कीलों का भाजपा को देना होगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

किसानों के लिए सड़कों पर गाढ़ी गई कीलों का भाजपा को अब जवाब देना होगा। लोकसभा चुनावों को लेकर वोट मांगने गांवों में जा रहे भाजपा उम्मीदवारों और उसके नेताओं से किसान अब उसके एक-एक कृत्य का हिसाब मांग कर रहे हैं। सिरसा लोकसभा के गांवों में भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर और भाजपा नेताओं का किसानों द्वारा किए जा रहे विरोध से स्पष्ट है कि प्रदेश की 10 सीटें जीतने का सपना देख रही भाजपा का हरियाणा में पूरी तरह सुपड़ा साफ होने जा रहा है। यह बात प्रमुख समाजसेवी एवं सिरसा लोकसभा के अंतर्गत आने वाली फतेहाबाद विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके अनिल ज्याणी ने कही। वरिष्ठ नेता अनिल ज्याणी ने कहा कि भाजपा ने अपने 10 साल के शासनकाल में किसानों और खेती दोनों को बर्बाद करने का काम किया है। एमएसपी गारंटी कानून और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने का वायदा कर सत्ता में आई भाजपा ने किसानों पर जितने जुल्म ढहाए, आज तक किसी सरकार ने ऐसा नहीं किया। पहले तीन काले कृषि कानून लाकर किसानों को गुलाम बनाने की कोशिश की गई लेकिन जब उसे इसमें कामयाबी नहीं मिली तो उन्हें चुप करवाने के लिए उन पर गोलियां तक चलवाई गई। शांतिपूर्ण तरीके से दिल्ली तक अपनी आवाज पहुंचान के लिए निकले किसानों के रास्तों में न लोहे की कीलें गाढ़ गई वहीं जगह-जगह सड़कों पर खाई खोदकर उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। भाजपा सरकार की तानाशाही के चलते अनेक किसानों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि ऐसी भाजपा सरकार को सबक सिखाने के लिए किसान लोकसभा चुनावों की इंतजार में था। अब जब भाजपा के नेता गांवों में जा रहे हैं तो उन्हें किसानों के गुस्से का शिकार होना पड़ रहा है। जगह-जगह उनका विरोध किया जा रहा है। किसान अपने साथ हुई वायदाखिलाफी का भाजपा नेताओं से जवाब मांग रहे है लेकिन भाजपा नेता किसानों के विरोध के चलते वहां से भागने को मजबूर है।





**फतेहाबाद।** ग्रामीण दौरे के दौरान जनसभाओं को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर।

## सिरसा से भाजपा उम्मीदवार ने दर्जनों गांवों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

सिरसा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार डॉ. अशोक तंवर ने सोमवार को विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने गांव करनौली, ढाणी चानन, दरियापुर, हरिपुरा, अहलीसदर, नखाटिया, सोत्तर भट्टू, थेडी, बहबलपुर, भडौलांवाली, रत्ता टिब्बा, हिजरावां खुर्द, हिजरावां कला, दौलतपुर व खान मोहम्मद में जनसभाओं को संबोधित करते हुए तंवर ने सहयोग व समर्थन की अपील की। इस अवसर पर उनके साथ रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा, भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव ठाकुर भावनी सिंह सहित अनेक वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। जनसभाओं के दौरान भाजपा नेताओं ने 5 अप्रैल को रतिया में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की होने वाली जनसभा में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। ढाणी चानन में सरपंच राजकुमार द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर ने कहा कि देश की जनता तीसरी बार भाजपा को सत्ता सौंपने का पूरी तरह मन बना चुकी है। तंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने का जो सपना देखा है, उसे हम सबने मिलकर पूरा करना है और तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। सोमवार को गांव करनोली में परमवीर सिसोदिया के संयोजन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंद्राज सिंह बूथ अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष धर्मपाल, सुखदेव सिंह, महावीर, अशोक अरोड़ा, ब्रह्म, राजपाल, ओमप्रकाश, भान सिंह, इंद्र सिंह गावड़ी, मंडल अध्यक्ष हवा सिंह, विस्तारक छिंद्रपाल, उपाध्यक्ष मोहन लाल शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## अधिकारियों से मिला व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

अनाज मंडी में सीजन को सुचारू रूप से चलने के लिए व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल प्रधान रूप गर्ग के नेतृत्व में मार्किट कमेटी कार्यालय पहुंचा और खरीद एजेंसी व मार्केट कमेटी के अधिकारियों से बातचीत की। इस मीटिंग में मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र कुंडू, हैफेड मैनेजर अनीता रानी, वेयरहाउस मैनेजर सोमवार सिंह, व्यापार मंडल प्रधान रूप गर्ग, उप प्रधान मनदीप सिंह, सचिव खेमचंद मंगा, कैशियर गगन जिंदल, पूर्व अध्यक्ष राजू लाली, सोनू जिंदल, विपिन गोयल, संजय मोदी, अमन जैन, सुखदीप ग्रेवाल, दर्शन गर्ग काका, हंसराज कंबोज, हरीश कुमार, डीपी गर्ग, प्रवीण मित्तल, सुंदर पूनिया, राय सिंह सुरा आदि व्यापारी भी मौजूद थे। इस मीटिंग के दौरान व्यापार मंडल के प्रधान रूप गर्ग ने अधिकारियों के समक्ष व्यापारियों को आने वाली समस्याओं को रखा और अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं का समाधान किए जाने के लिए मांग की। मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र कुंडू व खरीद एजेंसी के अधिकारियों ने व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया कि वह सीजन के दौरान अपनी फसल को सुखाकर वह साफ करके ही लाए और सरकार की हिदायत अनुसार नमी की मात्रा भी ज्यादा नहीं होनी चाहिए।



**रतिया।** अधिकारियों से मीटिंग करते हुए व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

## भाविप की बैठक, अंकित शर्मा अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

भारत विकास परिषद की बैठक में अंकित शर्मा को सर्वसम्मति से फतेहाबाद शाखा का अध्यक्ष चुना गया। माजरा रोड स्थित बागवां में निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार टुटेजा की अध्यक्षता में हुई बैठक में अंकित शर्मा के नाम पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। इसके अलावा एडवोकेट योगेश मेहता को सचिव, प्रमोद बंसल को कोषाध्यक्ष एवं लवलीन सरदाना को सर्वसम्मति से महिला प्रमुख की जिम्मेदारी के लिए चयनित किया गया है। चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर टोहाना से अनूप कुमार विशेष तौर पर इस बैठक में शामिल हुए। परिषद के जिला समन्वयक राकेश मखीजा ने अपने संबोधन में भारत विकास परिषद की फतेहाबाद शाखा द्वारा किए गए कायार्ें की प्रशंसा की। कोषाध्यक्ष प्रमोद बंसल ने पिछले वित्त वर्ष में सम्पन्न की गई गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट और वित्तीय लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया। इसके बाद चुनाव पर्यवेक्षक अनूप कुमार की अध्यक्षता में चुनाव प्रक्रिया में फतेहाबाद शाखा की नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष पद के लिए अंकित शर्मा, सचिव पद के लिए एडवोकेट योगेश मेहता, कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रमोद बंसल एवं महिला प्रमुख के लिए लवलीन सरदाना का नाम रखा गया जिसके बाद सभी सदस्यों ने प्रस्तावित किए गए नामों पर सहमति जताई। इसके बाद चुनाव पर्यवेक्षक अनूप कुमार ने 2024-25 के लिए अंकित शर्मा को अध्यक्ष, योगेश मेहता एडवोकेट को सचिव, प्रमोद बंसल को कोषाध्यक्ष एवं लवलीन सरदाना को महिला प्रमुख घोषित किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद हरियाणा पश्चिम के सरंक्षक सीपी आहुजा, केके अरोड़ा, राकेश मखीजा, विजय जग्गा, कृष्ण ग्रोवर बंटी, सुधीर गोयल, अमित रुखाया, प्रवीण धीगड़ा, विनीता मक्कड़, योगेश मेहता, मायाराम बिश्नोई, गगनदीप गिरधर, उमेश गुप्ता, प्रवीन सरदाना, प्रमोद बसंल, राजीव मक्कड़, श्री रविंद्र आहूजा, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** भारत विकास परिषद की फतेहाबाद शाखा की चुनावी बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

## मांगों को लेकर आढ़ती बैठे धरने पर

- बोले, आढतियों के माध्यम से हो फसलों की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करने तथा गेहूं पर पूरी दामी देने की मांग पर आढ़तियों ने आज आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता के नेतृत्व में मार्केट कमेटी सिरसा के सामने धरना प्रदर्शन किया। आढ़तियों ने सरकार की आढ़ती व किसान विरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की। यह धरना प्रदर्शन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चला। मंगलवार को धरना प्रदर्शन का समय 11 बजे से 1 बजे तक रखा गया है। इसलिए मंडी में फसलों की बोली दोपहर 12 बजे बाद ही होगी। प्रधान मनोहर मेहता ने कहा कि सरकार आढ़तियों के साथ 'यादती कर रही है और उनके कारोबार को बंद करने के लिए विभिन्न हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कहा की काफी वषोंर् से किसान, आढ़ती और मजदूर के रिश्ते को तोड़ने का सरकार प्रयास कर रही है। यदि आढ़त का काम बंद हो गया तो हरियाणा के 25 हजार आढ़ती और उनके साथ साथ लाखों मुनीम मजदूर भी बेरोजगार होकर अपने घरों को बैठ जायेंगे। प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ जाएगी। उन्होंने बताया पिछले काफी वषोंर् से हमारा संघर्ष जारी है लेकिन सरकार अपनी जिद्द पर अड़ी हुई है। आढ़तियों की मांग है कि किसानों की सभी फसलें जैसे कॉटन, सरसों, सूरजमुखी, बाजरा आदि और अन्य सभी फसले सरकार द्वारा एमएसपी पर आढ़तियों के माध्यम से ही खरीदी जाए और आढ़त पूरी 2.5 प्रतिशत मिलनी चाहिए जो कि गेहूं पर लगभग 57 रुपए व धान पर लगभग 56 रुपए बनती है, जबकि पिछले चार वषोंर् से सरकार द्वारा गेहूं पर 46 रुपये और धान पर 45.88 रुपए फिक्स आढ़त दी जा रही है जो की बहुत कम है।



**सिरसा।** मार्केट कमेटी के सामने धरने पर बैठे अनाज मंडी के आढ़ती।

## किसानों ने धरना किया स्थगित

- सीएम से मिलने आवासन के बाद किसानों ने लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा


लघुसचिवालय में पिछले दो माह से धिंगतानिया खरीफ चैनल के निर्माण की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसानों ने सोमवार को सीएम से मिले आश्वासन के बाद धरना स्थगित कर दिया है। आज धरनास्थल पर भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा, पार्टी जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग आदि पहुंची और सीएम से मिले आश्वासन को किसानों को बताया। इस मौके पर जगदीश चोपड़ा कहा कि वर्ष 2019 में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने किसानों की मांग पर धिंगतानिया खरीफ चैनल के लिए 54 करोड़ व सलारपुर-भंबूर चैनल के लिए 12 करोड़ रुपए तुरंत प्रभाव से मंजूर कर दिए थे, लेकिन तकनीकी कारणों से यह प्रोजेक्ट सिरे नहीं चढ़ पाया। चौपड़ा ने कहा कि इसके बाद किसानों की मांग पर उन्होंने पूरे मामले की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने अपने स्तर पर सभी कागजी कार्रवाई पूरी करवाई, ताकि इस प्रोजेक्ट को तुरंत प्रभाव से अमलीजामा पहनाया जा सके। इसके बाद उन्होंने 8 किसानों को साथ लेकर जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग के साथ प्रतिनिधिमंडल की नवनियुक्त सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात करवाई।



**सिरसा।** धरना स्थल पर पहुंचे भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा व अन्य।

## मेडिकल स्टोर से हजारों की नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** शहर के खेमा खाती रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर में एक युवक दिन दहाड़े गल्ले में रखी 80 हजार रुपये की नकदी चोरी कर रफूचक्कर हो गया। चोरी की यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकान मालिक द्वारा सूचना देने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार खेमाखाती रोड पर रमेश वर्मा का वर्मा मेडिकल स्टोर है। बताया जा रहा है कि राजेश अपने एक जानकार से मिलने के लिए अस्पताल गया था। वह मेडिकल के शीशे वाले गेट पर ताला लगाकर चला गया। बताया जा रहा है कि आज करीब 12 बजे एक युवक बाइक पर सवार होकर आया। उसने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। युवक ने मेडिकल स्टोर के शीशे वाले गेट का ताला तोड़ा। युवक के मेडिकल स्टोर में घुसने की भनक आसपास खड़े लोगों को नहीं लगी। युवक मेडिकल स्टोर के अंदर घुसा और गल्ले में रखे करीब 80 हजार रुपए निकालकर फरार हो गया। इस घटना के कुछ समय बाद मेडिकल संचालक रमेश वापस लौटा तो चोरी का पता चला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस मामले की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच करनी शुरू कर दी है।



**फतेहाबाद।** सीसीटीवी कैमरे में कैद चोर की फोटो।

## ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की दी चेतावनी

# भिरडाना में धर्मशाला व आबादी क्षेत्र में कचरा शैड का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

गांव भिरडाना में धर्मशाला और आबादी क्षेत्र में कचरा शैड बनाए जाने को लेकर ग्रामीणों का विरोध तेज हो गया है। इसको लेकर भारी संख्या में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर कचरा शैड बनाने का विरोध करते हुए लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी है। ग्रामीण मलकीत सरारी, काला सिंह, सोना सिंह, ओमप्रकाश, शगनलाल, प्रेम कुमार, नंदलाल, जंगीर सिंह, श्यामलाल, लखविन्द्र, देशराज आदि ने बताया कि काफी सालों से काताखेड़ी रोड पर धर्मशाला बनी हुई है। कुछ दिन पहले सरपंच प्रतिनिधि जसविन्द्र ने धर्मशाला के आगे की जगह यह कहकर समतल करवा दी कि यहां पर बस स्टैंड के लिए क्यू शेल्टर बनाया जा रहा है। इस जगह निर्माण कार्य शुरू होने के तीन दिन बाद ग्रामीणों को पता चला कि यह पर कचरा शैड बनाया जा रहा है। कचरा शैड बनाए जाने का विरोध होने के चलते काफी दिन से काम बंद है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बीडीपीओ अनिल बिश्नोई को गांव में और जगह भी बताई थी। जहां पर कचरा शैड बनाया जा सके, लेकिन सरपंच प्रतिनिधि जसविन्दर अपनी जिद्द के चलते इसे यही बनाना चाहता है। उन्होंने कहा कि सरकार कोई भी प्रोजेक्ट जनता की भलाई के लगाती है मगर जब ग्रामीण इस जगह का विरोध कर रहे हैं तो अधिकारियों को इस जगह को बदल देना चाहिए। इस बारे में कुछ दिन पहले ग्रामीण विधायक लक्ष्मण नापा से भी मिले थे, जिसके बाद विधायक नापा ने भी मामले को सुलझाने के आदेश अधिकारियों को दिए थे।



**फतेहाबाद।** गांव भिरड़ाना में कचरा शैड बनाने का विरोध करते ग्रामीण।

### जल्द ही मामले को सुलझाया जाएगा

*इस मामले में काम रोकने वाले लोगों और सरपंच को बुलाया गया है। जल्द ही मामले को सुलझा दिया जाएगा। सरपंच और ग्रामीणों को शांतिपूर्ण तरीके से रहने का निवेदन किया गया है।*

*-अनिल बिश्नोई, बीडीपीओ फतेहाबाद*

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक,मंगलवार
2 अप्रैल 2024

कुछ लोग अपने रिश्ते को बहुत ज्यादा तरजीह देते हैं। रिश्ते जरा से कमजोर हुए नहीं कि ऐसे लोग बहुत विचलित हो जाते हैं। कभी-कभी तो इनके मन में रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना गहरे तक बैठ जाती है। ये अपनों के प्रति हमेशा सशंकित रहते हैं कि हम इन्हें खो ना दें। लोगों के मन में इस तरह रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना क्यों आती है? अपने रिश्ते कैसे हमेशा सहेजे रखें? बहुत जरूरी सलाह।



कवर स्टोरी
विचित्रा दर्गन आनंद
रिलेशनशिप एक्सपर्ट

# रिश्तों में क्यों आती है असुरक्षा की भावना

यह अजीब-सा विरोधाभास है कि व्यक्ति जिससे सबसे अधिक जुड़ाव महसूस करता है, उसके मन में उसी के लिए सबसे ज्यादा संशय और सवाल भी उठते हैं। यहां असली समस्या रिश्तों की नहीं, मन की उलझनों से जुड़ी होती है, जिन्हें सही वक्त पर सुलझाना बहुत जरूरी है, अन्यथा इनकी वजह से स्ट्रेस और एंग्जायटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं पैदा हो जाती हैं। कोई व्यक्ति अपने रिश्तों में स्वयं को क्यों असुरक्षित महसूस करता है, ऐसी जटिल मनोदशा से बाहर निकलने के लिए क्या करना चाहिए, हम सभी को इसे जरूर जानना-समझना चाहिए। इस समस्या से कोई भी हमारा अपना या हम स्वयं भी घिर सकते हैं। देखा जाता है, महिलाएं इस तरह की समस्या से ज्यादा घिरती हैं, क्योंकि वे अधिक भावुक होती हैं, समाज में भी पुरुषों की तुलना में उनके अनुकूल परिस्थितियां कम होती हैं।







## दांपत्य जीवन की उलझनें

आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि बाहरी रंग-रूप और शैक्षणिक योग्यता आदि को लेकर अगर कोई व्यक्ति अपने जीवनसाथी की तुलना में खुद को कमतर महसूस करता है तो उसके मन में हमेशा इस बात की चिंता सताती रहती है कि कहीं मेरा पार्टनर मुझे नापसंद तो नहीं करता? ऐसे में पति या पत्नी दोनों में से किसी एक के मन में यह डर बना रहता है कि कहीं मेरा जीवनसाथी मुझे छोड़ तो नहीं देगा?

**क्या करें :** आप दोनों में से जिसके मन में रिजेक्शन का भय हो, उसे अपने साथी से खुलकर बात करनी चाहिए। दोनों की यह जिम्मेदारी बनती है कि आप अपने पार्टनर के मन में छिपे डर को दूर करने की कोशिश करें, उसकी कमजोरियों को नजरअंदाज करते हुए अच्छी आदतों की प्रशंसा करें और अपनी पॉजिटिव बातों से अपने जीवनसाथी का मनोबल बढ़ाएं।



## पैरेंटिंग से जुड़ी असुरक्षा

अधिकतर पैरेंट्स अपने टीनएजर बच्चों के व्यक्तित्व और व्यवहार के प्रति सशंकित रहते हैं। उन्हें हमेशा इस बात की चिंता सताती है कि पीयर प्रेशर के कारण कहीं हमारे बच्चे गलत आदतों के शिकार ना हो जाएं, फिर कुछ समय के बाद बच्चे जब करियर में सैटल हो जाते हैं, तो पैरेंट्स को यह चिंता सताती है कि हमारे बच्चे अगर जॉब की वजह से दूसरे शहरों में चले जाएंगे, तो बुढ़ापे में हमारी देखभाल कौन करेगा? युवा हो रही संतान के पैरेंट्स के मन में स्वाभाविक रूप से ऐसी बातें आती हैं।

**क्या करें :** ऐसी समस्या से बचने के लिए आप छोटी उम्र से ही अपने बच्चों के साथ नियमित रूप से बातचीत की आदत विकसित करें, उनके लिए अनुशासन के स्पष्ट नियम बनाएं, उनके साथ आपसी विश्वास और प्यार का रिश्ता कायम करें, ताकि वे आपसे अपनी समस्याओं पर खुलकर बातचीत कर सकें। आपके बच्चे आपको इनसिक्योर नहीं फील होने देंगे।

## प्रोफेशनल संबंधों से जुड़ी परेशानियां

कॉन्फिडेंस की कमी के कारण प्रोफेशनल जीवन में कई बार लोगों को रिजेक्शन की प्रॉब्लम झेलनी पड़ती है। इससे उनके मन में हीन भावना पनपने लगती है और ऑफिस में वे दूसरों की तुलना में स्वयं को इनसिक्योर महसूस करते हैं।

**क्या करें :** ऐसी स्थिति में अपनी कमजोरियों के बारे में सोचकर चिंतित होने के बजाय सचेत तरीके से उन्हें दूर करने की कोशिश करें और सकारात्मक सोच रखने वाले लोगों से निकटता बढ़ाएं।

## दोस्ती में बढ़ती दूरियां

कुछ लोग अपने दोस्तों पर भावनात्मक रूप से बहुत ज्यादा निर्भर होते हैं, वे अपने हर निर्णय उनसे पूछ कर लेते हैं, ऐसे में जब दोस्त उनके साथ नहीं होता तो उन्हें बहुत घबराहट होती है। कई बार दोस्त की नाराजगी के डर से वे उसकी हर बात मान लेते हैं और उससे भी ऐसी ही उम्मीद रखते हैं। ऐसे में जब कभी व्यस्तता की वजह से दोस्त उनके लिए समय नहीं निकाल पाते तो ऐसे लोग यह सोचकर चिंतित हो जाते हैं कि अब हमारी दोस्ती खतरे में पड़ गई है।

**क्या करें :** दोस्तों के प्रति ज्यादा पजेसिव होने की आदत से बचें, उन्हें थोड़ा पर्सनल स्पेस दें, खुद भी नए लोगों की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाएं, खुश रहें और खुशियां बांटें।

**प्रस्तुति : विनीता**



शहद या हनी ऐसा नेचुरल प्रोडक्ट है, जो स्किन केयर में बहुत यूजफुल होता है। हर तरह की स्किन के लिए परफेक्ट हनी को अगर सही तरीके से अप्लाई किया जाए तो कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स को दूर किया जा सकता है। साथ ही इससे स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनती है। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।

# ग्लोइंग स्किन के लिए रेग्युलर यूज करें हनी



स्किन केयर
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

शहद हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी के लिए भी फायदेमंद होता है। आपका स्किन टाइप कैसा भी हो, शहद की मालिश से उसमें सॉफ्टनेस आती है और इसकी ड्रायनेस कम होती है। शहद का इस्तेमाल मास्क से लेकर नेचुरल मॉयश्चराइजर के रूप में किया जा सकता है। इससे स्किन हाइड्रेट होती है और अट्रैक्टिव दिखती है।

## होते हैं कई उपयोगी गुण

शहद का इस्तेमाल ऑयली ही नहीं नॉर्मल स्किन पर भी किया जा सकता है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं के लिए शहद काफी फायदेमंद होता है। शहद में आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम, सोडियम, अमीनो एसिड, कई एंजाइम्स, विटामिन बी, सी और मिनरल्स पाए जाते हैं। शहद एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट भी है। इसे स्किन पर सही तरीके से रेग्युलर अप्लाई करने से एजिंग साइन की समस्या भी नहीं होती है। अगर आप चाहती हैं कि आपकी स्किन सॉफ्ट रहे तो शहद का उपयोग कर सकती हैं। यह स्किन को न्यूट्रिशन देता है। स्किन पर शहद लगाने से उसमें निखार आता है।



## ऐसे करें अप्लाई

- स्किन पर निखार लाने के लिए दो चम्मच शहद में चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर बने फेस पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे रंगत में निखार आएगा। इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं।
- कांच के बाउल में समान मात्रा में शहद और नीबू रस मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर इस तरह मिश्रण बनाएं कि स्मूथ पेस्ट बन जाए। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे स्किन सॉफ्ट बनती है।
- अगर आप चेहरे पर दाग-धब्बों से परेशान हैं तो शहद काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए एलोवेरा जैल, हल्दी पावडर और शहद को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर इसे प्राकृतिक रूप में सूखने दें और बाद में ताजे, सामान्य पानी से धो डालें।
- एक चुटकी घर में पीसी हुई हल्दी, एक चम्मच शहद और उसमें दो चम्मच कच्चे दूध को मिलाकर चेहरे पर लगा लीजिए और 10 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। आप दूध में केसर भी मिला सकती हैं। ध्यान रखें कि हल्दी घर की पीसी ही हो। इसके नियमित सेवन से फेस पर ग्लो आएगा और स्किन सॉफ्ट हो जाएगी।
- फेस के साथ बॉडी के अन्य स्किन पर ग्लो लाने के लिए दो-तीन चम्मच कच्चा दूध और इतनी ही मात्रा में शहद लेकर इसका मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे, गर्दन के साथ शरीर के खुले भागों पर लगाएं और अपनी अंगुलियों से सर्कुलर मोशन में मालिश करें। आधे घंटे बाद पानी से धो डालें। आप इसे दिन में दो बार अप्लाई कर सकती हैं।
- अगर आपकी स्किन ड्राय है तो एक चम्मच ताजे दही में आधा चम्मच कच्चा शहद मिलाकर बने मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाकर 10-15 मिनट तक मालिश करें। इसे थोड़ी देर बाद पानी से धो डालें। आप इसे दो-तीन दिनों तक नियमित रूप से लगा सकती हैं। यह आपकी त्वचा की रंगत में निखार लाने के साथ ही उसको बहुत कोमल भी बनाएगा।
- शहद से बना मास्क, स्किन को कई तरह से लाभ पहुंचाता है। इसके लिए चोकर में शहद और गुलाब जल डालकर मास्क बना लें। इस मास्क को अपने फेस पर अच्छे से लगाकर सूखने तक लगा रहने दें और बाद में ताजे साफ पानी से धो डालें।

**प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स**

एडवाइस / शिखर चंद जैन

# ऐसे रहेंगी आप हमेशा पॉजिटिव

अक्सर मोटिवेशनल स्पीकर, साइकोलॉजिस्ट और बिहेवियर एक्सपर्ट हमें पॉजिटिव रहने के लिए और मन को प्रफुल्लित रखने की सलाह देते हैं। इसके लिए हम क्या करें? आइए, जानते हैं कुछ आसान से उपाय।

**सुबह की शुरुआत हो एनर्जी के साथः** जब आप सुबह उठती हैं, जिस सोच के साथ अपनी दिनचर्या शुरू करती हैं, यही सोच आपके पूरे दिन को अच्छा या बुरा बनने में बड़ी भूमिका निभाती है। सुबह हमेशा एक एनर्जी के साथ और शांत मन से जागें। अपने इष्ट देवों का स्मरण करें। प्रार्थना करें। प्राणायाम करें। आज क्या करेंगी, यह तय करें। देर तक बिस्तर पर न रहें। सुबह जल्दी उठ कर अपने तन-मन को जागृत और सक्रिय करें।

**लोगों के कमेंट्स को करें नजरअंदाजः** लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे। अमुक व्यक्ति ने मेरे बारे में ऐसा क्यों कहा? जरा सोचिए, इन बातों से आपको क्या फर्क पड़ने वाला है? कुछ भी नहीं। इन कमेंट्स पर अगर आप ध्यान देंगी तो आपका ध्यान अपने मूल लक्ष्य से भटक जाएगा। आप लोगों से कदम-कदम पर उलझेंगी। इससे आपके भीतर नेगेटिविटी भरेगी। मन उदास रहेगा और आपकी प्रोडक्टिविटी प्रभावित होगी। बेहतर होगा कि लोगों के कमेंट्स को हवा में उड़ाना सीखें और अपने काम पर ध्यान दें।



**अपनी सोच का दायरा बढ़ाएंः** आप अपनी सोच को जितना व्यापक करेंगी, नई तकनीक और नई बातों के प्रति जानकारी हासिल करने की प्रवृत्ति रखेंगी, उतना ही आप बेकार और नेगेटिव बातों से दूर रहेंगी, क्योंकि तब आपको फिजूल के लोगों और उनकी बेकार की बातों पर ध्यान देने के लिए वक्त ही नहीं मिलेगा। जब आपकी सोच और ज्ञान का दायरा बढ़ेगा तो आप किसी बात को कई आयामों से सोचने लगेंगी। नतीजतन नेगेटिविटी आपके दिमाग पर हावी नहीं हो सकेगी।

### खुद पर दें ध्यान

**अकसर हम** दूसरों को नियंत्रित करने में या उन चीजों को बदलने में अपनी एनर्जी नष्ट करते हैं, जो हमारे बस में नहीं हैं, इससे हमारा मूड खराब होता है। इसी प्रकार हम दूसरों को उनकी मुसीबत के समय उन्हें तरह-तरह की सलाह और उपदेश देते हैं, लेकिन जब अपने पर बीतती है तो घबरा जाते हैं। उदासी में डूबकर हार मानकर बैठते हैं। कहा भी गया है 'परोपदेशो पांडित्यम'। अच्छा होगा कि हम अपने आस-पास के लोगों की परिस्थितियों पर सवाल उठाने के बजाय उनसे सबक लें। दूसरों को सुधारने में वक्त बर्बाद न करें बल्कि खुद को उन्नत करने के लिए तत्पर रहें।

इंटीरियर / मधु सिंह

मास्टर बेडरूम या घर का मेन बेडरूम अगर वास्तु के अनुसार व्यवस्थित होगा तो इसका असर उसमें सोने वाले के स्वास्थ्य और घर की समृद्धि पर पड़ता है। कैसा हो आपके बेडरूम का इंटीरियर, यूजफुल सजेशंस।

# ऐसा हो आपका मास्टर बेडरूम

मास्टर बेडरूम का मतलब है परिवार के सबसे बड़े सदस्य या मुखिया का बेडरूम। किसी भी परिवार में घर के अर्निंग मेंबर के रहने और सोने का कमरा खास मायने रखता है। उसका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य घर में सुख और समृद्धि लाता है। वास्तु के अनुसार घर के मास्टर बेडरूम का इंटीरियर कैसा होना चाहिए, बता रहे हैं आपको।

**दिशाएंः** वास्तुशास्त्र के अनुसार मास्टर बेडरूम ऐसी दिशा में होना चाहिए, जहां पर सूर्य की किरणों का सबसे ज्यादा असर रहता है ताकि वहां रहने वाले व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए अनुकूल माहौल मिल सके। इस बेडरूम को दक्षिण पश्चिम दिशा में इस तरह बनाया जाना चाहिए कि सोते समय उसका सिर दक्षिण दिशा में और पैर उत्तर दिशा में हों, क्योंकि वैज्ञानिक रूप से उत्तर दिशा चुंबकत्व की दिशा है, ताकि यह चुंबकत्व व्यक्ति के शरीर से लगातार संबंध को साधे रहे। मास्टर बेडरूम के पलंग के सिरहाने की ओर ठोस दीवार होनी चाहिए। सिर के पीछे कोई भी खिड़की या दरवाजा नहीं होना चाहिए।

**प्रकाश व्यवस्थाः** मास्टर बेडरूम हो या घर के किसी दूसरे सदस्य का बेडरूम, इस कमरे में हल्का प्रकाश रहना चाहिए। घर के दूसरे कमरों की तुलना में यहां कम रोशनी हो। नाइट लैंप की रोशनी के लिए हल्के नीले, दूधिया, हरे रंग का बल्ब इस्तेमाल करें। कभी भी मास्टर बेडरूम में लाल रंग का बल्ब न लगाएं, क्योंकि वास्तुशास्त्र में माना जाता है कि लाल रंग शरीर में अग्नि तत्व की वृद्धि करता है।





**फर्नीचरः** मास्टर बेडरूम में वास्तु के अनुकूल ही फर्नीचर का चयन करना चाहिए। कमरे में भारी भरकम फर्नीचर नहीं होना चाहिए। बेड और साइड टेबल लकड़ी के होने चाहिए। रॉट आयरन या किसी दूसरी धातु के पलंग दिखने में भले अच्छे लगते हों, लेकिन इनके सिरहाने का डिजाइन ऐसा होता है कि इसका आधार ठोस नहीं होता, जिसके कारण पलंग पर बैठने के दौरान पीठ को कोई आधार नहीं मिलता। इसलिए पलंग लकड़ी का होना चाहिए। बेडरूम में रखे दूसरे फर्नीचर के कोने शार्प नहीं होने चाहिए ताकि कमरे में इनके आस-पास से चलते-फिरते समय किसी को चोट न लग जाए।

**रंगों का चयनः** मास्टर बेडरूम चूंकि परिवार के मुखिया के लिए होता है, जो परिवार की सुख, समृद्धि और पूरे परिवार का आधार होता है। उसके मानसिक शांति और दिली सुकून का होना जरूरी है ताकि घर में अच्छा माहौल रहे। इस बेडरूम में गहरे लाल, गहरे हरे या काले रंगों का इस्तेमाल किसी भी चीज में नहीं करना चाहिए। कमरे में हल्के, आकर्षक रंगों का चयन करें। छत सफेद रंग की होनी चाहिए। गहरे रंग भड़कीले लगते हैं। बेडरूम की सौम्यता के लिए हल्के रंग नींद में बाधा उत्पन्न नहीं करते।

**कम हो सामानः** बेडरूम में काम-काज से संबंधित चीजें, कागजात, ऑफिस की फाइलें जैसी चीजें शोकेस में सजाकर नहीं रखनी चाहिए। इस कमरे में किताबों से भरी अलमारियां, शेल्फ, स्लैब्स, कमरे के माहौल को भारी बनाते हैं। सोने के दौरान बार-बार इन्हीं चीजों पर ध्यान जाने के कारण नींद भी अच्छी तरह से नहीं आती। मास्टर बेडरूम ही नहीं घर के किसी भी बेडरूम में भले ही लोग सुविधा के लिए टीवी लगाकर रखते हैं। देखा जाए तो इससे नींद में बाधा उत्पन्न होती है। इसके अलावा टेलिविजन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैगनेटिक तरंगें भी वहां के पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं। इसके अलावा बेडरूम में जलती अंगीठी या हीटर, वाटर बॉडीज नहीं होनी चाहिए। ज्यादा बड़ी खिड़कियां, दरवाजे या बड़े कूलर भी बेडरूम में न रखें।

बी-अलर्ट / नम्रता नदीम


आज लगभग हर कोई सोशल मीडिया पर एक्टिव है। महिलाएं भी एक्टिव हैं। इंटरनेट के माध्यम से उनके लोगों से रिश्ते बन जाते हैं। इस वर्चुअल रिलेशन में वे छली न जाएं, किसी मुसीबत में न फंसें, इसलिए बहुत जरूरी है, महिलाएं कुछ सावधानियां बरतें।

# वर्चुअल दिल्लगी से रहें सावधान

इन दिनों अधिकतर मध्यवर्गीय व्यक्ति दिन के अपने कई घंटे वर्चुअल एक्टिविटीज में गुजारता है, इसलिए वर्चुएलिटी का हमारी वास्तविक जिंदगी का हिस्सा होना स्वाभाविक है। किसी से इश्क या लगाव भी इसी गतिविधि का नतीजा है। लेकिन महिलाओं के लिए साइबर दुनिया अभी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। इसलिए कुछ बातें जाननी जरूरी हैं।

**खतरों से अनभिज्ञः** यह सही है कि आज के दौर में वर्चुअल लाइफ महिलाओं की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा भले बन गई हो, लेकिन इसके लिए अकसर उनमें जरूरी समझदारी नहीं होती। इस दुनिया में रिश्तों को लेकर कैसी सावधानी बरतनी है, क्या-क्या खतरे हैं, इससे अधिकांश महिलाएं परिचित नहीं हैं।

**साइबर इश्क की कड़वी हकीकतः** हम आपको एक उदाहरण के जरिए साइबर दुनिया की वास्तविकता से परिचित करना चाहेंगे। मान लीजिए किसी अंजान शख्स से आप ऑनलाइन संपर्क में आती हैं। वह आपको प्रेमपत्र लिखता है। आपकी भी उसमें दिलचस्पी बढ़ती है। लेकिन एक मिनट बाद ही वह लापरवाही से ऑफलाइन होते हुए कहता है, 'जाना होगा, बाद में बात करेंगे।' आपकी प्रतिक्रिया जाने बगैर वह संपर्क तोड़ देता है। अब सारा दिन आप यही सोचती हैं कि वह ऑनलाइन कब आएगा? आप जानती हैं कि यह सब अतार्किक है, लेकिन वह व्यक्ति जो वर्चुअल वर्ल्ड के दूसरे छोर पर बैठा है, उसने आपके दिल-दिमाग में हलचल पैदा कर दी है। और अब वह संपर्क भी नहीं कर रहा। यह साइबर वर्ल्ड के इश्क की कड़वी हकीकत है। इसे समझने की जरूरत है।





**नेगेटिव-पॉजिटिव पहलुओं पर दें ध्यानः** आप जब भी वर्चुअली किसी से जुड़ें तो इसके नेगेटिव और पॉजिटिव दोनों ही पहलुओं पर ध्यान दें। मसलन, जो आप देख रही हैं, क्या वही आपको मिल रहा है? हमेशा नहीं मिलता। यह बात दोनों पर ही लागू होती है। आप पर भी और आपके चैटिंग साथी पर भी। जो कुछ आप ऑनलाइन पोस्ट करती हैं, वह सही या गलत दोनों किस्म के लोगों को आकर्षित कर सकता है। आपकी दिलचस्पियों में भी वैरायटी होनी चाहिए ताकि विभिन्न किस्म की दिलचस्पियों वाले लोग आपकी प्रोफाइल की ओर आकर्षित हों। लेकिन भूलकर भी कभी अपना एड्रेस और फोन नंबर न दें। ई-मेल आईडी ही पर्याप्त है, क्योंकि इससे आपको अपनी मर्जी के अनुसार लॉगआउट करने की आजादी रहती है। अगर आप गलत किस्म के लोगों से बचना चाहती हैं तो यह बात लाजिमी तौर से ध्यान में रखें।

**धीरे-धीरे बढ़ें आगेः** जब भी किसी के साथ ऑनलाइन 'हाय-हैलो' की शुरुआत करें, तो आरंभ में गति धीमी और बातचीत कैजुअल रखें। सीधे और साधारण संदेशों से जो बातें आगे बढ़ती हैं, वह ही सही ढंग से दोस्ती/डेटिंग में डेवलप हो सकती है। इस बात का ध्यान रहे, बातचीत में हल्की-फुल्की फ्लर्टिंग तो ठीक है, लेकिन जो लड़का द्विअर्थी संदेश भेजे, उसे अलविदा कह दें, यानी दूरी बना लें, वरना आगे आप मुसीबत में फंस जाएंगी।

### पारिवारिक फोटो ना करें शेयर

**पर्सनल फोटोग्राफ** व्यक्तिगत संपत्ति होते हैं, इसलिए उन्हें परिवार के लिए ही सीमित रखें। इन फोटोग्राफ का वेब पर इस्तेमाल करना ठीक नहीं है। इसके अलावा आपकी पारिवारिक तस्वीरों में किसी की भी दिलचस्पी नहीं होती। भला कौन आपको जानने से पहले आपके परिवार की तस्वीरें देखना चाहेगा? इसलिए सब कुछ साधारण रखें और सिर्फ अपने अकेले की तस्वीर पोस्ट करें। हमेशा अपने अकाउंट को सिक्योर रखें ताकि कोई भी आपकी तस्वीर के साथ कुछ बदलाव न कर सके।

## खबर संक्षेप

### ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी चालक हो जाएं सावधान

**डबवाली।** पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान अगर कोई ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी मिलती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी जिसमें 10000 तक का जुर्माना लग सकता है। आदेशों की अनुपालना में एसपी डबवाली के मार्गदर्शन में डबवाली पुलिस द्वारा भी ऐसे वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जाएगा।

### वरिष्ठ नागरिकों की वार्षिक बैठक

**सिरसा।** सीनियर सिटीजंस वेलफेयर आर्गेनाइजेशन की वार्षिक बैठक पंजुआना के गंगा ग्रीन पैलेस में जिला अध्यक्ष कस्तूरी छाबड़ा की अध्यक्षता में हुई। महासचिव हरबंस नारंग ने संस्था की वार्षिक रिपोर्ट में वर्ष भर की गतिविधियों और कार्यक्रमों का सिलसिलेवार ब्यौरा पेश किया तथा भविष्य की योजनाओं का वर्णन किया। कोषाध्यक्ष देवेंद्र पाहूजा ने गत वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया।

### 41 जरूरतमंद लोगों की आंखों के किए ऑपरेशन

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया टाऊन द्वारा जारी आंखों के ऑपरेशन कैंप में आज 41 जरूरतमंद नेत्र रोगियों की आंखों के ऑपरेशन किए गए। उक्त जानकारी देते हुए शिविर के परियोजना अधिकारी डॉ. अनुज गुप्ता ने बताया कि ऑपरेशन हेतु 123 जरूरतमंद नेत्र रोगियों का चयन किया गया। आज प्रथम दिन जैन समाधि के टीपीआई हस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंगला व उनकी टीम द्वारा 41नेत्र रोगियों की आंखों के ऑपरेशन फैको विधि द्वारा लेंस डालकर किए गए हैं।

### ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 6 अप्रैल तक दर्ज होगा फसल खराबा

**फतेहाबाद।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि जिला के किसान 29 व 30 मार्च को ओलावृष्टि और भारी बरसात से रबी 2024 की फसलों के हुए नुकसान की सूचना ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 6 अप्रैल तक दर्ज करवा सकते हैं। इस संबंध में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, हरियाणा के पत्र जारी किया है। उन्होंने बताया कि किसानों की रबी 2024 की फसलों के नुकसान की सूचना के लिए 6 अप्रैल तक ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है।

### ब्राह्मण समाज से माफी मांगे रणजीत सिंहः विनय

**फतेहाबाद।** हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रणजीत चौटाला के विवादित बयान पर ब्राह्मण समाज ने रोष जताया है। जिला बार एसोसिएशन फतेहाबाद के पूर्व प्रधान एडवोकेट विनय शर्मा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी रणजीत चौटाला द्वारा दिए गए ब्राह्मण समाज के खिलाफ विवादित बयान निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा समाज में भाईचारे का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि वैदिक और वैदिक के बाद के समय में, ब्राह्मण पंडित दर्ज के माने जाते है, जो पंडित और गुरु के तरह काम करते है। धर्म, संस्कृति, कला तथा शिक्षा के क्षेत्र में देश की आजादी और भारत राजनीति व इतिहास में ब्राह्मण समाज का प्रशंसनीय योगदान भी रहा है।

## सराहनीय कदमः शीतला माता के नाम से होगा पार्क और मंदिर का निर्माण

# गोरखपुर के पंच विजय गिल ने अपनी जमीन पंचायत को सौंपी

### 60-70 वर्ष पहले गांव के लोग शीतला माता की पूजा करते थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। जमीन पंचायत को सौंपने बारे जानकारी देते सरपंच मनदीप योगी गोरखपुरिया। फोटो : हरिभूमि

आज जहां एक तरफ लोग एक ईंच जमीन को लेकर एक-दूसरे के खून के प्यासे हो जाते हैं वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनके लिए जमीन से ज्यादा गांव में भाईचारा मायने रखता है। इसी पर चलते हुए गांव गोरखपुर के पंच विजय गिल ने अपनी साढ़े 10 मरले जमीन को ग्राम पंचायत को सौंप दिया है। ग्राम पंचायत गोरखपुर के सरपंच डॉ. मनदीप योगी व बाबा रामेश्वर पुरी की प्रेरणा से पंच विजय गिल ने अपनी रजिस्ट्री की जमीन को पंचायत के नाम किया। बताया जाता है कि यहां लगभग 60-70 वर्ष पहले गांव के लोग शीतला माता की पूजा करते थे। समय अनुसार यह जमीन लाल डोरे में आ गई। अब ग्रामीणों व ग्राम पंचायत के प्रस्ताव अनुसार इन्होंने लगभग साढ़े 10 मरले जगह को पंचायत के नाम करवा दिया है। यह जगह गांव गोरखपुर के बीच में स्थित धमाणा जोहड़ के पास है जोकि गांव की मुख्य गली पर स्थित है। गांव गोरखपुर के सरपंच मनदीप योगी गोरखपुरिया ने बताया कि इस जगह पर ग्राम पंचायत गोरखपुर गांव वासियों के जन भावनाओं को देखते हुए माता शीतला के नाम पर पार्क का निर्माण करेंगे तथा ग्राम वासियों के दान स्वरूप यहां माता शीतला के मंदिर का निर्माण भी करवाया जाएगा। ग्राम पंचायत के पंच प्रतिनिधि विजय गिल का यह फैसला पूरे गांव, क्षेत्र के लिए प्रेरणा का केंद्र है। उन्होंने कहा कि पंचायत ने पिछले 1 वर्ष में ग्राम वासियों के सहयोग से किसी भी प्रकार की सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कार्य नहीं होने दिया। इस प्रकार के निर्णय से गांव में धार्मिक भावना को भी बढ़ावा मिलता है तथा लोगों का अतिक्रमण के प्रति रवैया भी बदलता है। गांव गोरखपुर पूरे हरियाणा में आपसी भाईचारे व प्यार के लिए जाना जाता है तथा इस प्रकार के फैसलों से गांव की साख पूरे हरियाणा में बड़ी है। भूमि दानदाता पंच प्रतिनिधि विजय गिल ने बताया कि उनको ग्राम पंचायत गोरखपुर के सरपंच डॉ. मनदीप योगी, बाबा रामेश्वर पुरी तथा ग्राम वासियों ने जानकारी दी कि जो उनकी जगह है, इसमें लगभग 60-70 वर्ष पहले ग्रामवासी माता शीतला की पूजा करते थे। लाल डोरे के अंदर निर्माण कार्य होने के साथ ही यह जमीन उनकी माता जी के नाम हो गई। अब मैंने मेरे परिवार के साथ विचार विमर्श करके इस जगह को माता शीतला के नाम पर विकास कार्य करने हेतु ग्राम पंचायत गोरखपुर को गिफ्ट डीड करवा दी है। ऐसा कार्य करने के बाद में अपने आप को बहुत संतुष्ट महसूस कर रहा हूं।



### टोहाना रैली को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की ली बैठक

**जाखल।** आगामी 7 अप्रैल को टोहाना में होने जा रही रैली को लेकर भाजपा नेता व कार्यकर्ता जोर-शोर से तैयारियों में जुटे है। सोमवार को जाखल की नई बस्ती में टोहाना से भाजपा के वरिष्ठ नेता वेद सिंह जांगड़ा ने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें टोहाना रैली का निमंत्रण दिया। वेद जांगड़ा ने बताया कि जाखल गांव में 5 बूथ है जिसमे से हर बूथ से कार्यकर्ताओं 1-1 बस टोहाना ले जाई जाएगी। उन्होंने कहा कि रैली में सिरसा लोकसभा से प्रत्याक्षी डॉ अशोक तंवर व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ टोहाना हल्का से पूर्व विधायक व वर्तमान में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला सहित अनेक वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। उन्होंने दावा किया कि जाखल से करीब 3 हजार कार्यकर्ता रैली में भाग लेंगे।

## गेहूं की खरीद को लेकर प्रशासन ने पूरी की तैयारियां : संदीप गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल



संदीप गर्ग।

प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं की सरकारी खरीद को लेकर एक अप्रैल से निर्देश जारी कर दिए गए है। किसान अभी तक मंडियों में गेहूं की फसल लेकर नहीं पहुंचे है। मार्किट कमेटी सचिव संदीप गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन की तरफ से गेहूं खरीद को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान अपनी फसल को सुखाकर लेकर आए ताकि खरीद करते समय किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न आए। उन्होंने बारिश से किसानों की फसल को बचाने के लिए आढ़तियों को दिशा निर्देश दिए है कि वह तरपाल सहित अन्य जरूरी सामान को तेयार रखे ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न आए। बता दें कि इस गेहूं खरीद को लेकर प्रशासन द्वारा जाखल में दो खरीद एजेंसियों को अलॉट किया गया है। हरियाणा वेयरहाउस व हैफेड द्वारा गेहूं खरीद की जाएगी। दोनों एजेंसियां सप्ताह में तीन तीन दिन खरीद करेंगी। इसके साथ ही तीन अन्य खरीद केंद्र बनाए गए है, जिसमें म्योन्द, चांदपुरा व शकरपुरा होंगे।



### कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का हुआ शुभारंभ

**फतेहाबाद।** शिव नगर स्थित शिव मंदिर में अखिल भारतीय धर्म सभा द्वारा आज सोमवार से शुरु हुई श्रीराम कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। अग्रवाल कॉलोनी स्थित श्री हनुमान मन्दिर से शुरु हुई कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिलाएं कलश सिर पर धारण कर कथास्थल शिव नगर स्थित शिव मंदिर में पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु जहां भजनों के माध्यम से भगवान श्रीराम का गुणगान कर रहे थे वहीं उन्होंने भगवान श्रीराम के जयघोष कर माहोल को राममय कर दिया। कलश यात्रा के बाद काकड़ोली धाम से आये स्वामी दिनेशानन्द महाराज ने श्रीराम कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का सारा जीवन हमें प्रेरणा देता है कि किस तरह से हम उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को धन्य बना सकते हैं। इस अवसर पर सभा के प्रधान डॉ. दीपक टांटिया, पुरुषोत्तम बड़ोपलिया, पूनम बड़ोपलिया, बजरंग दास वर्मा, विद्याधर गर्ग, उमेश गोयल, कृष्ण वर्मा, सतीश कुक्कड, मनोज बड़ोपलिया, हरीश गर्ग, अशवनी कम्पानी , सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### आरटीई में फ्री दाखिला हेतु आवेदन 15 तक

**सिरसा।** आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत प्री नर्सरी से पहली कक्षा में मुफ्त दाखिले का मौलिक शिक्षा विभाग ने शेड्यूल जारी कर दिया है। आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है जो 15 अप्रैल तक चलेगी। 18 अप्रैल को दाखिले का पहला लकी ड्रॉ निकाला जाएगा। इसके बाद पहले ड्रॉ में शामिल बच्चों के 22 अप्रैल तक दाखिले होंगे। वहीं पहले ड्रॉ में शामिल बच्चों के दाखिले न होने पर खाली आरक्षित सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया 23 से 29 अप्रैल तक पूरी की जाएगी। शिक्षा विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटों पर आरटीई नियम 2011 के तहत नर्सरी से पहली कक्षा तक के विद्यार्थियों को कक्षावार 25 फीसदी सीटों पर मुफ्त दाखिले का प्रावधान किया गया है।

## लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी जरूरी

- लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना हमारा परम कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा



सिरसा। मतदान के लिए प्रेरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां के स्टाफ सदस्यों एवं बच्चों द्वारा 100 प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य सतवीर सिंह ढिढारिया ने कहा कि हम सबका यह परम कर्तव्य है कि सारे काम छोड़कर हम 100 प्रतिशत मतदान करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए। हमें बिना किसी भेदभाव एवं बिना किसी दबाव के मतदान करना है। अपने राष्ट्र की उन्नति के लिए सभी काम छोड़कर मतदान करें। मतदान जागरूकता अभियान में विद्यालय की टीम तथा बच्चे घर-घर जाकर 100 प्रतिशत मतदान के लिए जागरुक कर रहे हैं। विद्यालय प्रवक्ता दलबीर सिंह ने बताया कि इस अभियान में अनेक संस्थाओं का सहयोग जैसे निफा गार्गी फाउंडेशन, मातृभूमि वेलफेयर सोसाइटी आदि संस्थाओं का लोगों को जागरूक करने में अभियान के साथ लगा रहना। 100 प्रतिशत मतदान को पूर्ण करने में अपना योगदान दे रही है। इस अवसर पर सोहन सिंह, प्रवक्ता सुलक्षणा, लीलाधर सहारण, गीता, सतवीर सिंह, गार्गी, संदीप बेनीवाल, राजेश कुमार लाखलान, रितु, रितु वर्मा, अजय पाल सहित ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

### पीने के पानी पर सर्विस स्टेशन लगाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**रतिया।** नहरबंदी के कारण लोगों को पानी की समस्या से न जूना पड़े, इसको लेकर जनस्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है। विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छ जल मुहैया करवाया जाएगा। पीने के पानी से संबंधित जो भी समस्याएं हैं, उन सभी समस्याओं को चिन्हित करके तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाएगा ताकि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में किसी भी घर को पीने के पानी की कोई दिक्कत न आए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में कुछ घरों ने पीने के पानी पर हरा चारा सब्जी, सर्विस स्टेशन लगा रखे है, जिस कारण गांव के कुछ घरों में पीने का पानी नही पहुंच रहा है। पूरे जिले में ऐसे सभी घरों को चिन्हित करके विभाग उनके खिलाफ करेगा कार्रवाई।

### अहंकार का नाश करती है श्रीमद्भागवत कथाः योगेंद्र कृष्णा

**सिरसा।** श्री गौशाला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ के चाथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म का वृतांत सुनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव कथास्थल पर धूमधाम से मनाया गया।

कथावाचक पंडित योगेंद्र कृष्ण महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है, जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है।

## ओछे हथकंडो से विपक्ष को कुचलने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। ग्रामीणों के साथ मोहित शर्मा। फोटो : हरिभूमि

युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोहित शर्मा गांव अलीमोहम्मद में मुकेश खिचड़ के निवास स्थान पर पहुंचे जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ चर्चा की। मोहित ने कहा कि देश बड़ी तेजी के साथ तानाशाही शासन की तरफ बढ़ रहा है। मौजूदा भाजपा राज में देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था खतरे में आ गई है। विपक्ष को कुचलने के लिए तमाम ओच्छे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। मोहित ने कहा कि केंद्र सरकार ने देश के प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के खाते सीज कर दिए हैं। सरकार की मंशा है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव ही ना लड़ सके। उन्होंने कहा कि भाजपा येन केन प्रकारेण किसी भी रूप में सत्ता हाथ से नहीं जाने देना चाहती, इसलिए विपक्ष पर दमनचक्र चलाया जा रहा है। झारखंड व दिल्ली के सीएम को जेल में डाल दिया। सरकार संस्थानिक संस्थाओं का जमकर दुरूपयोग कर रही है। ईडी, सीबीआई का उपयोग विपक्ष की आवाज का दबाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे लाख जतन कर ले, पर वह विपक्ष को कदापि खत्म नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के 400 पार के नारों की जनता हवा निकाल देगी और कांग्रेस को बहुमत के साथ सत्तासीन करेगी।

### शिक्षा विभाग स्कूलों में गुणात्मक सुधार के प्रति वचनबद्ध

**रानियां।** हरियाणा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नए सत्र 2024-25 में प्रवेश उत्सव के तहत सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाने के लिए डोर-टू-डोर प्रोग्राम, जागरूकता रैलियां, लाउडस्पीकर से मुनियादी और ड्राप आउट विद्यार्थियों को मुख्य धारा में लाने के लिए एसएमसी व पंचायत के सहयोग से विशेष अभियान शुरू हो गए हैं। एक अप्रैल को जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार व एनएमएमएस नोडल अधिकारी हरीश चावला ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चक्कां का दौरा किया।

## नरेश बने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



नरेश सरदाना।

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश सरदाना को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया है। नरेश सरदाना ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसके लिए वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल, प्रदेश सहसंयोजक सौरभ चौधरी, जिला प्रधान बलदेव ग्रोहा का आभार व्यक्त किया है। उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका वे पूर्ण ईमानदारी व निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने जिला कार्यकारिणी विस्तार करते हुए राजेश मोंगा, रमेश गिल्होत्रा एवं कुलदीप को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का जिला सहसंयोजक नियुक्त किया है। इसके अलावा उन्होंने मंगत मित्तल, पवन फुटेला एवं इन्द्रजीत कुब्बा को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया है।

### रास्ते बंद के मुद्दे को लेकर डबवाली बंद आज

# कांग्रेस व इनेलो नेताओं ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



सिरसा। धरना स्थल पर व्यापारियों को समर्थन देते हुए विधायक अमित सिहाग।

किसान आंदोलन के दौरान डबवाली शहर के बंद किए गए रास्ते अभी तक न खोले जाने का मुद्दा अब गर्माता जा रहा है। व्यापारी संगठनों ने सरकार व प्रशासन के रवैये के विरोध में आज मंगलवार को डबवाली बंद की काल दे रखी है। व्यापारियों का कहना है कि रास्ते बंद होने की वजह से शहर का कारोबार ठप गया है। प्रशासन को शहर के लोगों की कोई चिंता नहीं और किसान आंदोलन मंद होने के बावजूद भी रास्ते नहीं खोले गए। व्यापारी कई दिन से धरने पर है और अब शहर बंद करके अपनी आवाज बुलंद करेंगे। व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस बंद को लेकर सोमवार को दुकान-दुकान पर जाकर लोगों से बंद में सहयोग की अपील की। इस अपील को व्यापक समर्थन मिला और अधिकांश संगठनों ने बंद को अपना समर्थन दे दिया। दूसरी और अब राजनीतिक दलों के लोग भी इस मुद्दे पर व्यापारियों को समर्थन दे रहे हैं। सोमवार को हलका विधायक अमित सिहाग भी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने फोन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात करके व्यापारियों की समस्या से अवगत करवाया। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस मामले का जल्द समाधान हो। सोमवार को ही इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला धरना स्थल पर पहुंचे और व्यापारियों को समर्थन दिया। उन्होंने मौके पर अधिकारियों से भी बात की। अभय सिंह चौटाला ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया कि 6 अप्रैल तक रास्ते खोल दें अन्यथा 7 अप्रैल को वो ट्रैक्टर लेकर अपने साथियों के साथ रास्ते खोलेंगे। गौरतलब है कि रास्ते बंद होने से शहर के हर नागरिक को दिक्कत हो रही है लेकिन प्रशासन अपनी जिद पर अड़ा है और रास्ते नहीं खोले जा रहे।


## कार्यालय जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, फतेहाबाद

### वर्ष 2024-25 के लिए परिवहन व श्रम एवं दुलाई के कार्य हेतु SHORT TERM निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 के रबी व खरीफ सीजन के लिए जिला फतेहाबाद की विभिन्न मण्डियों में खाद्यान्न एवं स्टाक अर्टिकल्ज के परिवहन व श्रम एवं ढुलाई के कार्य हेतु सभी खरीद एजेंसियों के लिए परिवहन व श्रम एवं ढुलाई ठेकेदारों से ई-टैण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से टैण्डर आमंत्रित किए गए थे। आमंत्रित किए गए टैण्डरों में से **परिवहन की** (9) मण्डियों 1. बहबलपुर 2. भट्टू साईलो 3. हिंडालवाला 4. सनियाना 5. धारसूल 6. करंडी 7. नन्हैड़ी 8. शक्करपुरा 9. भट्टू खुर्द में तथा **श्रम एवं ढुलाई की** (4) मण्डियों 1. भट्टू साईलो 2. धांगड़ 3. पीलीमंदौरी 4. एपी रोही मण्डियों में कोई भी निविदा ना आने के कारण तथा अरिहंत राज एग्रो ढिंगसरा गोदाम (हैफड एजेंसी) के लिए श्रम एवं ढुलाई के कार्य हेतु टैण्डर पॉलिसी 2024-25 की अनुपालना में इन मण्डियों के लिए SHORT TERM निविदाएं आमंत्रित करने का निर्णय लिया टैण्डर कमेटी द्वारा लिया गया है। नियम व शर्तें पूर्व में निर्धारित की लागू रहेंगी। उपरोक्त निविदाएं निम्न प्रकार से नीचे वर्णित तिथि, समय व स्थान पर आमंत्रित हैं।

| S. No. | Work | Relasing/Calling of Tender | Closing of Tender | Opening of Technical Bid & Checking of Document | Opening of Financal Bid & Finalization | टैण्डर का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Transportation | 01-04-2024 05:00 P.M. | 04-04-2024 09:00 A.M. | 04-04-2024 09:05 A.M. | 04-04-2024 11:00 A.M. | कार्यालय जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक फतेहाबाद |
| 2 | Labour and Cartage | 01-04-2024 05:00 P.M. | 04-04-2024 09:00 A.M. | 04-04-2024 09:05 A.M. | 04-04-2024 11:00 A.M. | कार्यालय जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक फतेहाबाद |

1. विस्तृत जानकारी जिला खाद्य एंव पूर्ति नियंत्रक, फतेहाबाद, जिला प्रबंधक हैफड/हरियाणा वेयर हाउस फतेहाबाद के कार्यालय से प्रातः 09:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में तथा Website http://www.etender.hry.nic से ली जा सकती है। 2. इसके अतिरिक्त टैण्डरदाता द्वारा अपलोड किये गये दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज स्पष्ट नजर नहीं आता है तो वह दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा। 3 टैण्डरदाता, टैण्डर पॉलिसी के नियम व शर्तों के अनुसार ही दस्तावेज लगाना सुनिश्चित करें।

(विनित जैन)

दूरभाष नं. 01667-230773 जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, फतेहाबाद।

## खबर संक्षेप

### भारूखेड़ा में महिला की घर में घुसकर हत्या

**डबवाली।** उपमंडल के गांव भारूखेड़ा में कल रात एक महिला सुमन देवी पत्नी सुभाष चन्द्र की अज्ञात लोगों ने उसके घर में घुसकर हत्या कर दी। जिस समय इस वारदात को अंजाम दिया गया, उस समय महिला घर में अकेली थी। महिला का पति सुभाष चंद्र किसी शादी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बाहर गया हुआ था। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मां पद्मावती धाम में हुआ विश्व शांति महायज्ञ

**सिरसा।** एयर फोर्स के नजदीक स्थित माता पद्मावती धाम में प्रेम सरावगी द्वारा ध्वजारोहण किया गया और विश्व शांति हवन हुआ। धाम के प्रवक्ता मानकचंद जैन ने बताया कि धाम के संस्थापक संत दीप सागर महाराज की अस्थियां 2 फुट गहराई में भूमिगत करके एक कलश में स्थापित की गई एवं उसके ऊपर मार्बल का चबूतरा निर्माण कर चरण स्थापित किए गए।

### युवक 11 ग्राम हेरोइन सहित काबू, केस दर्ज

**ओढां।** एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने गश्त के दौरान गांव घुकांवाली से एक युवक को 11 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि सहायक सब इंस्पेक्टर दलबीर सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव घुकांवाली में मौजूद थे। आरोपी की पहचान कुलविंद्र सिंह के रूप में हुई।

### सरकार से समाज का हर वर्ग दुःखी : अभय चौटाला

**डबवाली।** लोकसभा चुनाव न केवल देश का भविष्य तय करेंगे बल्कि हरियाणा में आगे किसकी सरकार बनेगी इसका भी निर्णय होगा। यह बात इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने डबवाली में एक सभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग भाजपा से दुखी है। लोग बदलाव चाहते हैं। कांग्रेस के पास संगठन नहीं है।

### हनुमान सेवा मंडल की बैठक, गर्ग चुने गए प्रधान

**फतेहाबाद।** श्री बाला जी हनुमान सेवा मंडल के पदाधिकारियों की बैठक तहसील चौक स्थित मंडल द्वारा संचालित शनि मंदिर में आयोजित हुई। इस बैठक में सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से विनोद गर्ग नानू को मंडल का प्रधान चुन लिया। साथ ही उनको नई कार्यकारिणी गठित करने का दायित्व भी सौंपा गया है। विनोद गर्ग नानू ने अपनी नियुक्ति पर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### उपायुक्त ने किया कार्यालयों का निरीक्षण

**सिरसा।** उपायुक्त आर के सिंह ने सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय में एसडीएम कार्यालय, नगराधीश कार्यालय, तहसीलदार, तहसीलदार चुनाव कार्यालय व हेल्पलाइन नंबर 1950 कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकरियों/कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यो् की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जनता के कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए।

### जिले भर में पुलिस ने चलाया अभियान

# नशा तस्करों पर कार्रवाई, महिला सहित पांच लोगों को पुलिस ने दबोचा

पुलिस ने आरोपितों पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया



- महिला के पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें 4 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ
- आरोपिता पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए जिला फतेहाबाद पुलिस ने एक महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से गांजा, हेरोइन व पोस्त बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना भट्टूकलां पुलिस की टीम एसआई सुरेश कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव ढाबी खुर्द से रूपाणा जाटान रोड पर जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ढाणी रूपाणा रोड, ढाबी खुर्द अपने खेत ढाणी के बाहर खड़ा है और नशा बेच रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो ढाणी के बाहर खड़ा एक युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने उसे कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम नवीन बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 3.30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर थाना भट्टूकलां में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

#### टोहाना में गांजा सहित महिला गिरफ्तार

टोहाना पुलिस ने एक महिला को गांजा सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना शहर टोहाना के अंतर्गत आने वाली चण्डीगढ़ रोड पुलिस चौकी की टीम एसआई सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में नशीले पदाथार्ें की तस्करी रोकने को लेकर रेलवे अंडरब्रिज के पास बाबा बूटा शाह बस्ती टोहाना पर मौजूद थी। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि बाबा बूटा बस्ती निवासी नारो निवासी महिला नशीले पदार्थ बेचने का काम करती है और अंडरब्रिज के पास नशीला पदार्थ लेकर खड़ी है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां एक महिला प्लास्टिक कट्टा लिए खड़ी दिखाई दी। पुलिस ने महिला से पूछताछ की तो उसने अपना नाम नारो बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास प्लास्टिक कट्टे में से 4 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर थाना शहर फतेहाबाद में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

#### जाखल में युवक गांजा सहित पकड़ा गया

जाखल पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को गांजा सहित पकड़ा है। थाना जाखल पुलिस की टीम एएसआई राजकुमार के नेतृत्व में नशीले पदाथार्ें की तस्करी रोकने को लेकर गश्त के दौरान जाखल से बलरां रोड की तरफ जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में बलरां की तरफ से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया।

#### गांजा बरामद

उक्त युवक सामने पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और वापस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने पीछा कर उसे कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम बलराज सिंह उर्फ राजकुमार निवासी बलरां रोड, जाखल बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक किलो गांजा बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया है।

#### ढाबे के बाहर ट्रक चालकों को नशा बेचते एक गिरफ्तार

हरियाणा राज्य नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो ने नेशनल हाइवे स्थित एक ढाबे के बाहर नशा बेचते एक व्यक्ति को पकड़ा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद पुलिस की ओम एएसआई सूर्याकांत के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान गांव बड़ोपल में ओवरब्रिज के पास पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि नेशनल हाइवे पर गांव खाराखेड़ी के पास स्थित रंगला पंजाब ढाका के पास इन्द्र सिंह निवासी खाराखेड़ी नामक व्यक्ति चूरापोस्त लिए खड़ा है और ट्रक चालकों को नशा बेच रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची देखा कि ढाबे के बाहर एक व्यक्ति हाथ में लिफाफा लिए खड़ा था। उक्त व्यक्ति पुलिस को देखकर घबरा गया और ढाबे के साथ बने बाथरूम की तरफ जाने लगा। पुलिस कर्मचारियों ने उसे काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम इन्द्र सिंह बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 800 रगाम चूरापोस्त बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने उसे काबू कर सदर थाना फतेहाबाद में केस दर्ज किया है।

#### नागपुर पुलिस चौकी ने पकड़ा नशा तस्कर

थाना सदर रतिया के अंतर्गत आने वाली नागपुर पुलिस चौकी की टीम ईएसआई राधाकृष्ण के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव हड़ौली से चनकोठी की तरफ जा रही थी। रास्ते में उन्हें गांव चनकोठी की तरफ से एक युवक आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और वापस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने उसे काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सीता सिंह निवासी हड़ौली बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 1 किलो 300 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर केस दर्ज किया है।

## पॉयनियर स्कूल में हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ



**फतेहाबाद।** पॉयनियर स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर हवन में भाग लेते स्कूल प्रबंधक।

- नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ शिक्षाविद् कैलाश चंद्र रुखाया की प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल में आज से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ शिक्षाविद् कैलाश चंद्र रुखाया की प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से हवन यज्ञ के साथ किया गया। स्कूल मैनेजमेंट, स्टॉफ व सभी बच्चों ने इस पावन अवसर पर दीपक शास्त्री द्वारा हवन यज्ञ कर नए सत्र का शुभारंभ करने का आह्वान किया एवं परमपिता परमात्मा से विद्यालय की उत्तरोत्तर तरक्की व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

प्रिंसिपल गीतिका महता ने इस शुभ अवसर पर सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी व जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मैनेजिंग डायरेक्टर विजय निमारे्ही ने स्कूल के शानदार 14 वर्ष पूरे होने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि प्रिंसिपल, अध्यापकों व बच्चों की स्कूल के प्रति निष्ठा, अथक प्रयास व कठिन परिश्रम व अभिभावकों के अटूट विश्वास के बल पर विद्यालय को शिखर पर पहुंचाया है। आज इस विद्यालय के विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट, प्राध्यापक, बैंकर, एयरफोर्स व सफलतम् उद्यमी बंद कर अपना, माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे इलाके में पॉयनियर कन्वेंट स्कूल अपना एक अलग स्थान रखता है। फिर चाहे वह शिक्षा क्षेत्र हो, खेलों का क्षेत्र हो या फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम हो, विद्यालय ने हमेशा बुलंदियों को छुआ है। इस अवसर पर हवन यज्ञ में चेयरपर्सन शीलू निमारे्ही, डायरेक्टर निशांत निमारे्ही, वाइस प्रिंसिपल मैत्री निमारे्ही, सुनील महता के अलावा विद्यालय का पूरा स्टॉफ व बच्चों ने आहुति डालकर सबके मंगल की कामना की।

## युवाओं को बर्बाद कर रहा नशा : दीप्ति गर्ग

- शकर मंदेरी, जोगीवाला, रुपाणा जटान व साहूवाला-2 को किया नशा मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा



**सिरसा।** गांव शकर मंदोरी में कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करती दीप्ति गर्ग।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीप्ति गर्ग ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। जिला पुलिस द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए लगातार खेल गतिविधियों के माध्यम से उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सामाजिक आंदोलन में प्रत्येक व्यक्ति अपनी अहम भूमिका निभाएं तथा जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सके। दीप्ति गर्ग चोपटा थाना क्षेत्र के गांव शकर मंदोरी में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं, क्षेत्र के सरपंचों तथा आमजन को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर उन्होंने चोपटा थाना क्षेत्र के चार गांवो शकर मंदौरी, जोगीवाला, साहूवाला-2 व रुपाणा को नशा मुक्त गांव घोषित होने पर उक्त गांवों के सरपंचों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गांव शकर मंदोरी में रस्साकस्सी तथा वॉलीबॉल के मैच का भी आयोजन किया गया तथा युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। जिला पुलिस द्वारा चारों गांवो का डोर टू डोर सर्वे किया गया तथा तीन युवाओं को चिन्हित कर उनका नागरिक अस्पताल सिरसा से इलाज करवाया गया है। दीप्ति गर्ग ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जिला पुलिस अपने स्तर पर नशे के खिलाफ लगातार जोरदार अभियान चलाए हुए हैं, परंतु इस अभियान की संपूर्ण कामयाबी के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी अग्रणी भूमिका निभानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक व्यक्ति यह संकल्प ले लेगा की ना तो वह नशा करेगा और ना ही अपने आसपास नशा बिकने देगा तभी इस अभियान के सार्थक परिणाम सामने आएंगे।

## डीईईओ से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ

- राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों में नामांकन के लिए जारी दिशा निर्देश आरटीई व राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सीधा उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** डीईईओ को मांग पत्र सौंपते अध्यापक संघ के प्रतिनिधि।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ सिरसा का प्रतिनिधि मण्डल जिला महासचिव विजय सहारण के नेतृत्व में सोमवार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बूटा राम से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने डीईईओ के माध्यम से निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। संघ ने मांग की कि राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों में नामांकन सम्बन्धी हाल ही में जारी किए गए दिशा-निर्देश तुरंत वापिस लिए जाएं, ताकि सब बच्चों के लिए निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा के अधिकारों की रक्षा हो सके। जिला सचिव विजय सहारण ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुसार 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है परन्तु सरकार इन नियमों का सरेआम उल्लंघन कर रही है व मॉडल संस्कृति विद्यालयों में प्रवेश शुल्क व मासिक शुल्क लेने की शर्त थोपी जा रही है। विभाग द्वारा जारी नए दिशा निर्देश नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का भी उल्लंघन हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति अनुसार बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देने पर बल दिया गया है, जबकि जारी पत्र में पहली व छटी कक्षा में अंग्रेजी माध्यम में ही नामांकन करने के

## एडीसी डा. विवेक भारती ने किया खारियां अनाजमंडी में फसल खरीद का निरीक्षण



**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने सोमवार को जिला के गांव खारियां की अनाजमंडी में सरसों की खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को फसल खरीद को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडी में बिजली, पानी, सफाई, शौचालयों आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के आदेश दिए। इसके उपरांत उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह के निर्देशानुसार रानियां विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर सुविधाओं की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। दिव्यांग व बुजुर्गों मतदाताओं के लिए रैंप सुविधा, महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय, पेयजल, टेबल व कुर्सियों के साथ-साथ छांव आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मतदान केंद्रों के अंदर रोशनी के लिए बिजली की व्यवस्था करवाई जाए।

## भिरड़ाना में हवन से सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव भिरड़ाना स्थित सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ सोमवार को हवन यज्ञ के साथ किया गया। स्कूल के प्रबंधक ओम प्रकाश बिश्नोई ने बताया कि 1982 से स्थापित सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल का 42 वषार्ें से लगातार शानदार परीक्षा परिणाम रहा है। सनातन संस्कृति के अनुसार कोई भी शुभ कार्य करने से पहले हवन यज्ञ का आयोजन किया जाता है। आचार्य सोहन लाल ने पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया। इस हवन में स्कूल के प्रबंधक ओम प्रकाश बिश्नोई , प्रिंसिपल श्वेता बिश्नोई, निदेशक शीतल बिश्नोई व अन्य अध्यापकगण ने हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली। स्कूल प्रबंधक ओम प्रकाश बिश्नोई ने कक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वे अगली कक्षा में पूरी मेहनत व लगने से पढ़ाई करें। विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि नए सत्र के लिए नर्सरी से 12वीं तक की कक्षाओं के नए दाखिले तथा कक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं।




**फतेहाबाद।** गांव भिरड़ाना के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हवन यज्ञ में भाग लेते स्कूल प्रबंधक।

## अनुभवी स्वास्थ्य मित्र संगठन टोहाना का हुआ गठन



**टोहाना।** संजीवनी हॉस्पिटल में अनुभवी स्वास्थ्य मित्र संगठन टोहाना का सर्वसहमति से गठन किया गया। इसमें संरक्षक वैध कर्मवीर लांबा के नेतृत्व में गठित नई टीम में डॉ. अशोक तनेजा को प्रधान पद की जिम्मोवरी सौंपी गई। इसके अलावा सुरेश राजनगर को उपप्रधान, बलविंदर सिंह जस्साल को सचिव, परमजीत नैन को महासचिव, रमेश राठी को कैशियर, हरबंस गुलाबे को प्रवक्ता, तरसेम सैमी सहसचिव, वेदपाल इंदौरा सलाहकार, धर्मवीर सैनी सलाहकार,,चरणजीत सचदेवा को बतौर प्रभारी नियुक्त किया गया। संजीवनी हॉस्पिटल के संचालक ने नई टीम को बधाई दी। डॉ. अशोक तनेजा ने नई टीम के साथ कुशल कार्य करने की निष्ठा रखी। डॉ. रियान चौधरी एमएस ने हर्निया, बवासीर, भगंदर के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रथम बार टोहाना में ही फिश्टूला का एक ही बार में ऑपरेशन के बारे में बताया कि कम समय में संपूर्ण ईलाज संभव है। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल को मानव सेवा संगम हॉस्पिटल मे थैलीसीमिया व ब्लैड कैंसर में सहायक स्टेमसेल डोनर कैंप लगाया जाएगा, जिसमें संगठन सहयोग करेगा।

## मोंगा एसबीआई से सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** सेवानिवृति पर जगदीश मोंगा को सम्मानित करते बैंक अधिकारी।

सीबीआई बैंक, शाखा अनाजमंडी, फतेहाबाद में कार्यरत जगदीश मोंगा चीफ एसोसिएट के पद से सेवानिवृत हुए। इस उपलक्ष्य में एसबीआई बैंक में विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के सभी अधिकारी व कर्मचारियों के अलावा जगदीश मोंगा के पारिवारिक सदस्यों ने शिरकत की। उपस्थितजनों ने जगदीश मोंगा को पगड़ी पहनाकर तथा उपहार भेंटकर उनका अभिनंदन किया तथा सेवानिवृति की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व बैंक प्रांगण में नए वित्तीय वर्ष का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। इस सम्मान के लिए जगदीश मोंगा ने सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का भी आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि 38 साल की सेवाकाल में उन्होंने हमेशा ही बैंक के ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने का लक्ष्य रखा। बैंक उपभोक्ताओं के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करवाया। घर-घर जाकर बुजुगार्ें की पेंशन पहुंचाई। इसके अलावा लोगों के घर जा जाकर उन्हें बैंक की सेवाएं दीं। बैंक द्वारा कई बार उन्हें इम्पलॉय ऑफ द मंथ चुना गया। इसके अलावा एसबीआई कर्मचारी एसोसिएशन में जुड़े रहकर कर्मचारियों के हितों और हकों के लिए भी संघर्ष किए।

### एमपी रोही के कन्या विद्यालय में धूमधाम से मनाया प्रवेश उत्सव

## मैं कर सकती हूं, इसे सदैव याद रखें : संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** राजकीय कन्या व.मा. विद्यालय एमपी रोही में छात्राओं को सम्मानित करते डीईओ व अन्य अतिथिगण।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदपुर रोही में आज प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। खंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। प्राचार्य भगवान दत्त की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रवेश महोत्सव में ब्वॉजय स्कूल के प्राचार्य अशोक गर्ग, गांव के सरपंच रामेश्वर दास, एसएमसी प्रधान कालूराम विशेष आमंत्रित अतिथि थे। वरिष्ठ प्राध्यापिता दीपिका सेठी व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान ने मंच संचालन किया। जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य ने कक्षा छठी, सातवीं, आठवीं, नौंवी व 11वीं की परीक्षाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। इसके अलावा सुपर-100, खेल, पेन्टिंग के विजेताओं व एडवेंचर टूर से जुड़े विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने छात्राओं से कहा कि वे अपनी मेहनत, लगन, जुनून से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। बड़ा लक्ष्य तय करके मेहनत करो, कामयाबी अवश्य मिलेगी। डीईओ ने छात्राओं को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि 'मैं कर सकती हूं' इस वाक्य को हमेशा याद रखो। तुम्हारे लिए कुछ भी असंभव नहीं है। अपने आप पर, अपनी मेहनत पर विश्वास करो, तुम सब वो कर सकती हो, जो तुम्हें ऊंचाईयों पर पहुंचा देगा। इस मंत्र से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। खंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में की गई मेहनत जीवनभर काम आती है, इसलिए आपको कड़ी मेहनत करनी चाहिए। प्राचार्य ने विद्यालय की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। छात्राओं ने गीत-संगीत, नृत्य के माध्यम से शिक्षा के महत्व को समझाया। प्राध्यापिका शशिबाला के निर्देशन में मतदाता जागरूकता पर केन्द्रित नाटक का मंचन भी किया।